हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 4 जून 2026


तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री


10 बच्चों को दिया स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का....





10 इंडस पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समापन




## खबर संक्षेप

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक कल

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला परिवेदना कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन पांच जून को डीआरडीए के सभागार में सायं तीन बजे होगा। इस बैठक की अध्यक्षता जिला कष्ट निवारण समिति के चेयरमैन एवं हरियाणा के खेल, युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक से संबंधित सभी प्रकार की तैयारी कर निश्चित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### ठेके पर जमीन लेकर किया कब्जा, केस दर्ज

**जींद।** गांव बहादुरगढ़ में जमीन को ठेके पर कब्जा करने तथा धमकी देने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बहादुरगढ़ निवासी राजवंती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे ने चार कनाल जमीन गांव के ही कर्मबीर को खेल मैदान के लिए साठ हजार रुपये पांच साल के लिए ठेके पर दी थी। इकरार के दौरान साफ लिखा गया था कि जमीन को खेल के लिए प्रयोग किया जाएगा।

### पशुबाड़े में घुस हमला करने पर चार नामजद

**जींद।** पशुबाड़े में घुस कर हमला कर व्यकित को घायल करने तथा तोड़ फोड़ करने पर सदर थाना सफीदो पलिस ने चार लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डिडवाड़ा निवासी आजाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह पशुबाड़े में काम निपटा रहा था। उसी दौरान पड़ोसी बलकार परिवार ने हमला कर दिया और तोड़फ़ोड़ की। जिसमें उसे काफी चोटें आई। सदर थाना सफीदों पलिस ने आजाद की शिकायत पर बिट्टू, सुमित, प्रिंस, महाबीर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घर में घुस किया हमला तीन घायल, केस दर्ज

**जींद।** गांव ढिगाना घर में घुस कर हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने दस लोगों को नामजद कर 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढिगाना निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ समय पहले गांव के ही प्रदीप तथा कुलदीप के साथ पानी की बारी को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय तो मामला शांत हो गया था। गत 30 मई को वह अपने पिता बारू राम तथा भाई प्रवीण के साथ घर में बैठा था।

### संदिग्ध हालात में युवती व महिला लापता, केस

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से एक महिला व युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधत थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। उचाना खुर्द निवासी व्यकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत एक जून को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। उधर, आर्दश नगर सफीदों निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी घर से गायब हो गई। परिजनों ने दोनों का तलाशा भी लेकिन कोई सुराग नही लगा।

### रंजिशन हमला करने पर छह के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव दुर्जनपुर में रंजिशन मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव दर्जनपुर निवासी कृष्ण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि संजय परिवार के साथ कहासुनी हो गई थी। जिसके चलते संजय परिवार उससे रंजिश रखे हुआ था। उसी रंजिश के चलते संजय परिवार ने उसे रास्ते में घेर लिया और हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

---

### दोपहर तक दोनों पक्षों से होती रही बातचीत, नहीं बनी कोई सहमति

# जाट धर्मार्थ सभा का नहीं रुक रहा विवाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने सील किया कार्यालय

## अब नौ को होगी बैठक, कार्यालय बंद होने से बुक कमरे लोगों को नहीं मिले

**कार्यालय का ताला खोलने को लेकर चार सदस्यों पर भी नहीं बनी सहमति**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जाट धर्मार्थ सभा का विवाद रुकने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन द्वारा विवाद को निपटाने के लिए कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. गिरिश नागपाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को ही सभा के कार्यालय को सील कर दिया। ऐसे में जिन लोगों ने किराये पर कमरे लेने के बुक किए थे, उनको कमरे नहीं मिले। बुधवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने जाट धर्मशाला में जाकर दोनों पक्षों से बातचीत की लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। पूरा विवाद तीन कर्मचारियों को हटाने व रखने को लेकर पैदा हो रहा है। अब ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने नौ जून को फिर से दोनों पक्षों की बैठक बुलाई ताकि किसी नतीजे पर पहुंचा जा सके।



जींद। कार्यालय सील करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

गौरतलब है कि पिछले साल सितंबर महीने में जाट धर्मार्थ सभा का चुनाव हुआ था। इसमें फूल कुमार मोर प्रधान, किताब सिंह भनवाला उपप्रधान, सुरजीत धनखड़ महासचिव, यादवेंद्र खर्ब सचिव व डा. बलवंत को कोषाध्यक्ष चुना गया था। इसके अलावा 16 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव हुआ था। नई कमेटी के चुनाव होने के कुछ ही दिन बाद दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी ढपली बजानी शुरू कर दी। संस्था में पुराने कार्यरत तीन कर्मचारियों को हटाने व नए रखने को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद का कारण एक पक्ष से केवल प्रधान चुने जाना तथा दूसरे पक्ष को चार पदाधिकारी चुने जाना रहा। यदि पूरा पैनल एक ही पक्ष का होता तो विवाद नहीं होता। मार्च महीने में दोनों पक्षों ने अपनी अलग-अलग बैठक करके प्रस्ताव पारित कर दिए। एक पक्ष ने प्रधान को पद से हटा दिया जबकि प्रधान पक्ष ने दूसरे सभी चुने हुए पदाधिकारियों को पद से हटाने के प्रस्ताव पारित कर दिए। दोनों की शिकायतें जिला फर्म एवं सोसायटी रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंची। इसके बाद मामला प्रशासन तक पहुंच गया। डीसी ने कृषि विभाग के उपनिदेशक डा. गिरिश नागपाल को मंगलवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिया।

**नहीं सुलझ पाया विवाद**

बुधवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट जाट धर्मशाला पहुंचे और दोनों पक्षों से बातचीत की। इस बातचीत में कोई सहमति नहीं बन पाई। डा. नागपाल ने कहा कि वह जिला प्रशासन के आदेश पर दोनों बैठकों को रद्द करने व पुरानी यथास्थिति को दोबारा बहाल करने के लिए यहां आए हैं। इसमें दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात रखीए लेकिन उनके बीच कोई सहमति नहीं हो पाई। इसके बाद डा. नागपाल ने नौ जून की तारीख दी और चले गए। ड्यूटी मजिस्ट्रेट डा. गिरीश नागपाल ने बताया कि नौ जून को दोबारा कोई सहमति बनाने की कोशिश की जाएगी। उन पर कोई राजनीतिक दबाव नहीं हैए वह नियमों के अनुसार ही काम कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया था। जिन बैठकों में दोनों पक्षों ने प्रस्ताव पारित किए, उनको रद्द करने यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। दोनों ही पक्षों ने कोई बात नहीं सुनी।

**लोग परेशान**

डा. गिरिश नागपाल ने मंगलवार शाम को ही जाट धर्मशाला में जाकर कार्यालय को सील कर दिया। ऐसे में उन लोगों को परेशानी हुई जिन्होंने अपने लिए जाट धर्मशाला में कमरे बुक किए थे। शाम को जब यह लोग बुक किए कमरे में रात बिताने आए तो न तो इनकी चाबियां मिली और उन ही इनका कोई रिकार्डए क्योंकि कार्यालय सील कर दिया गया था।

---



कलायत। रेलवे रोड पर तीन आरोपियों की पैदल परेड करवाती पुलिस।

# जानलेवा हमले के आरोपियों की पुलिस ने करवाई पैदल परेड

## 29 मई को एसी-फ्रीज मिस्त्री पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

कलायत में गौशाला मार्केट के सामने 29 मई को देर रात्रि एससी-फ्रीज मिस्त्री विनय गोलू पर हमला करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्यवाही की है। इसके तहत तीन आरोपियों में शामिल अंकित राणा, अनुकुल व सोहन की सरेबाजार रेलवे रोड पर पैदल परेड करवाई गई। इस दौरान डीएसपी रोहतास कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। सीआईए और कलायत पुलिस स्टेशन टीम घटना स्थल तक आरोपियों को पैदल लेकर चली। इस दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ की गई इस कार्यवाही की हर किसी ने प्रशंसा की। साथ आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसपी द्वारा उठाए जा रहे कदमों को वक्त की मांग बताया। पुलिस के प्रति आम नागरिकों का विश्वास मजबूत करने के मकसद से यह कार्यवाही हुई। डीएसपी रोहतास कुमार ने बताया कि जिस दौरान एससी-फ्रीज मिस्त्री पर हमला किया गया उसे समय उसका छोटा बच्चा भी साथ था। घटना को देखकर वह बुरी तरह सहम गया। घटना में मिस्त्री को भी सड़क गिराकर बुरी तरह पीटा गया। इसकी वीडियो और अन्य सबूत पुलिस ने जुटाए हैं। डीएसपी रोहताश कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य आम लोगों के मन से अपराधियों का भय समाप्त करना और असामाजिक तत्वों में कानून का डर पैदा करना है। शिकायतकर्ता मिस्त्री का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। घायल को उपचार के लिए पहले निजी अस्पताल और बाद में नागरिक अस्पताल कैथल रेफर किया गया था।

---

# नशीली गोलियां रखने के दोषी को 10 वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने नशीली गोलियां रखने के दोषी को 10 वर्ष कठोर कारावास व 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार दस अगस्त 2019 को पुलिस को सूचना मिली थी कि शर्मा नगर भिवानी रोड निवासी सुनील ने किराये पर दुकान ली हुई है। जिसमें वह बच्चों को वीडियो गेम खिलाता है। उसी दुकान की आड़ में वह नशीली दवाइयों का कारोबार भी करता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने सुनील पर निगाह रखनी शुरु कर दी। सुनील नशीली दवाइयों को पॉलीथिन में डाल दुकान की तरफ जा रहा था तो उसी दौरान पुलिसकर्मियों ने उसे काबू कर लिया। तलाशी लिए जाने पर उसके कब्जे से 120 गोली (कुल वजन 27 ग्राम 48 मिलीग्राम) प्रतिबंद्धित एल्प्राजोलम बरामद हुई थी। शहर थाना पुलिस ने सुनील के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

### 1.07 किलोग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी गिरफ्तार

**राजौंद।** चौकी किठाना पुलिस द्वारा नशा तस्कर को 1.07 किलोग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी किठाना पुलिस प्रभारी पीएसआई रोहित कुमार की टीम गश्त दौरान गांव कसान अड्डा के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली कि गांव भाणा निवासी गुरमीत उर्फ अमित आस पास के क्षेत्र में नशीला पदार्थ गांजा फूल पत्ती बेचना का काम करता हैं। जो बाइक पर बालू से कसान के रास्ते गांव भाणा जाएगा। जिसको नाकाबंदी कर नशीला पदार्थ गांजा फूलपत्ती सहित काबू किया जा सकता। सूचना पर टीम ने मुस्तैदी का परिचय देते नाकाबंदी कर कुछ समय बाद बाइक पर सवार आये सन्धिग्ध गुरमीत उर्फ अमित उपरोक्त को काबू कर लिया गया।

---

# आसन में काटे 60 कनेक्शन, लोगों में हड़कंप

- 1870 घरों का सर्वे, 210 को नोटिस 72 अवैध व 24 अस्वच्छ कनेक्शन काटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जिला जींद के ग्रामीण क्षेत्र में जोर जल संरक्षण अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत तीन दिन में 1870 घरों का सर्वे करके 210 लोगों को नोटिस दिए गए हैं और 94 अवैध व अस्वच्छ कनेक्शन काटे गए हैं। विभाग की इस कार्रवाई से ग्रामीणें में हडकंप मच गया है। दूसरी तरफ जुलाना शहर में भी पेयजल संरक्षण को लेकर विभाग की टीम घर-घर पहुंच



रही है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि गांव आसन में खंड समन्वयक दिनेश कुमार की अगुवाई में एक जून से शुरू किए गए अभियान के तहत 350 घरों का सर्वे करके 55 लोगों को नोटिस दिए गए हैं। जबकि 60 अवैध व अस्वच्छ कनेक्शन काट दिए गए हैं। इसी प्रकार जुलाना के गांव किनाना में सोमलता सैनी की अगुवाई में, पिल्लूखेड़ा में सुरेंद्र दुग्गल की, गांव गांगोली व कालवा, सफीदों में बलवान सिंह की अगुवाई में जल संरक्षण अभियान के तहत घरों का सर्वे करके अवैध व अस्वच्छ व बिना टेप वाले कनेक्शन धारको को नोटिस दिए गए और कनेक्शन काटे गए। रणधीर मताना ने बताया कि पेयजल आपूर्ति के प्रबंधन व रखरखाव पॉलिसी को लेकर किनाना गांव में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस नई पालिसी के बारे में कमेटी सदस्यों को जागरूक किया गया ताकि वे पेयजल आपूर्ति के कार्य में अपनी सहभागिता बढाएं। सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार आर्य ने कहा कि इस बारे में जल्द ही ग्राम सभा आयोजित कर ठोस निर्णय लिया जाएगा।

**घर-घर दस्तख दे रही टीम**

जुलाना उपमंडल अभियंता सतीश नैन ने कहा की उपमंडल के अधीन सभी गांव में जल सरंक्षण अभियान शुरू किया गया है और टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वे ग्रामीणों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक करें। दूसरी तरफ जुलाना शहर में भी जल सरंक्षण अभियान के तहत टीम घर-घर दस्तख दे रही है।

---

# काम की धीमी रफ्तार और गुणवत्ता पर उठाए सवाल

- नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार कार्य का डायरेक्टर हेल्थ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में चल रहे 12 करोड़ की लागत के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर अनिल बिरला ने गुणवत्ता और अस्पताल की व्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर की है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन, लोक निर्माण विभाग तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डायरेक्टर ने कहा कि अस्पताल के जीर्णोद्धार का कार्य तीन माह में पूरा होना था, लेकिन



नागरिक अस्पताल में निरीक्षण करते डायरेक्टर स्वास्थ्य विभाग डॉ. अनिल बिरला।

छह से सात माह बीत जाने के बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है। निर्माण एजेंसी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को काम की गति बढ़ाने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुविधा से जुड़ा यह कार्य किसी भी स्थिति में और अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। सिटी स्कैन कक्ष के सामने फॉल सीलिंग टूटी पाई गई। इस पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में अन्य स्थानों पर भी कमियां मिलने पर उन्हें शीघ्र दूर करने को कहा गया।

### फिजिशियन ड्यूटी के समय अनुपस्थित मिला

डायरेक्टर हेल्थ ने अस्पताल में चिकित्सकों की कार्यप्रणाली और परफॉर्मेंस रिपोर्ट की भी समीक्षा की। इस दौरान एक फिजिशियन ड्यूटी के समय अनुपस्थित मिला। जांच में सामने आया कि संबंधित चिकित्सक बिना पूर्व सूचना के ड्यूटी से गैरहाजिर रहता है। इससे मरीजों को उपचार के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर अस्पताल प्रशासन को संबंधित चिकित्सक की गैरहाजिरी की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए ताकि नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। अस्पताल में सफाई के लिए जल्द मुख्यालय की तरफ से टेंडर जारी करवाया जाएगा।

---

# फर्जी शेयर ट्रेडिंग एवं निवेश के नाम पर ₹21 लाख ठगने का आरोपित गिरफ्तार

- केदारा कैपिटल लिमिटेड कंपनी से जुड़ी महिला की बातों में आकर किए निवेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम टीम ने फर्जी शेयर ट्रेडिंग एवं निवेश के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। साइबर थाना जींद के प्रभारी जगदीप सिंह ने बताया कि गांव दनौदा निवासी प्रदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके व्हाट्सअप पर एक महिला का संपर्क हुआ। जिसमें उसने स्वयं को एक निवेश कंपनी केदारा कैपिटल लिमिटेड से जुड़ा बताया। जिसमें उसने बताया कि वह शेयर मार्केट में भारी मुनाफा कमा सकता है। उसकी बातो में आकर उसने एक मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करवाई गई। जिसमें उस को अपर सर्किट, ब्लॉक ट्रेड एवं आईपीओ में निवेश के नाम पर प्रतिदिन 10 प्रतिशत तक लाभ तथा एक सप्ताह में निवेश दोगुणा होने का झांसा दिया गया। झांसे में आकर उसने विभिन्न बैंक खातों में अलग-अलग तिथियों पर कुल 21 लाख 10 हजार रुपये जमा करवाए। बाद में जब शिकायतकर्ता ने अपने निवेश की राशि निकालने का प्रयास किया तो उन्होंने ओर पैसे जमा करवाने के लिए बोला था।

**मोबाइल एप्लीकेशनों से सावधान रहें**

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि ऑनलाइन निवेश, शेयर ट्रेडिंग, आईपीओ, क्रिप्टो करेंसी अथवा अत्यधिक लाभ का लालच देने वाले अज्ञात व्यक्तियों एवं मोबाइल एप्लीकेशनों से सावधान रहें। किसी भी अनजान लिंक, एप्लीकेशन या निवेश योजना पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांच लें।

---

### कैथल के रेल यात्रियों पर पड़ा अंबाला-चंडीगढ़ रेल मार्ग पर चल रहे ट्रैफिक ब्लॉक का असर

# मेमू ट्रेन बंद होने से यात्रियों को उठानी पड़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

अंबाला-चंडीगढ़ रेल मार्ग पर चल रहे ट्रैफिक ब्लॉक का असर रेल सेवाओं पर पड़ने लगा है। इसके चलते दौलतपुर चौक-चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन करीब 3 घंटे की देरी से चल रही है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों के अनुसार ट्रेन के विलंब से सफर का समय बढ़ गया है और कई लोगों की आगे की यात्रा योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। स्टेशन पर घंटों इंतजार करने को मजबूर यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से समय




रेलवे स्टेशन कैथल

पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं, अंब अंदौरा-रायपुर हरियाणा मेमू ट्रेन के अस्थायी रूप से बंद रहने से भी यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। इस ट्रेन के बंद होने के कारण कैथल, टोहाना और हिसार की ओर यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। बता दें कि ट्रैफिक ब्लॉक के चलते मेमू ट्रेन का संचालन फिलहाल स्थगित किया गया है। यह ट्रेन 6 जून तक बंद रहेगी, जिसके बाद रेलवे ट्रैक कार्य पूरा होने पर सेवाएं सामान्य होने की संभावना है। यात्री पुनीत शर्मा ने कहा कि ट्रेनें देरी से चलने और कुछ रेल सेवाएं बंद होने से उन्हें अतिरिक्त खर्च और समय की परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर रोजाना सफर करने वाले यात्रियों पर इसका अधिक असर पड़ रहा है।

**मेमू ट्रेन 6 तक रहेगी बंद**

कैथल के स्टेशन मास्टर सतीश कुमार ने बताया कि अंबाला-चंडीगढ़ रेल मार्ग पर चल रहे ट्रैफिक ब्लॉक के कारण रेलवे ने 6 जून तक अंब अंदौरा-रायपुर हरियाणा मेमू ट्रेन के अस्थायी रूप से बंद किया है। यह ट्रेन 7 जून से संचालित की जाएगी। ट्रेन बंद होने के कारण अभी यात्री हिसार और चंडीगढ़ की तरफ इस ट्रेन के माध्यम से नहीं जा सकते।

---



जींद। जींद बस अड्डा पर खड़ी बसें। फोटो :हरिभूमि

### यात्रियों की मांग पर जींद से रोहतक के लिए चलाई बस

**जींद।** यात्रियों की मांग पर जींद डिपो ने जींद से रोहतक के लिए सुबह 7. 30 पर बस चलाई है। जींद से रोहतक के लिए पहली बस सुबह साढ़े चार बजे चलती है। इसके बाद पांच से सात बजे के बीच में पांच बस जाती हैं। जींद से रोहतक की दूरी 68 किलोमीटर है, जो जुलाना, लाखनमाजरा के रास्ते लगभग डेढ़ घंटे में रोहतक पहुंचती है। जींद से रोहतक दूरी 68 किलोमीटर और किराया 80 है। ऐसे में यह बस चलने पर स्कूल व कालेज में पढने वाले विद्यार्थियों के अलावा निजी व सरकारी संस्थानों में नौकरी करने के लिए रोहतक शहर जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा। जींद से रोहतक रूट पर 20 से ज्यादा बस चलती हैं। सुबह साढ़े बजे वाला टाइम लगभग डेढ़ साल से बंद पड़ा था। यात्रियों की मांग पर अब साढ़ सात बजे फिर से यह बस शुरू की गई है। इसके अलावा सुबह छह बजकर 55 मिनट जींद से रोहतक के लिए पैसेंजर ट्रेन है। इसके बाद जींद से रोहतक के लिए सुबह पौने नौ बजे ट्रेन है। ऐसे में यह बस चलने से यात्रियों को लाभ होगा।

## खबर संक्षेप

### विधायक देवेंद्र अत्री सुरबरा में सात को

**उचाना।** आगामी सात जून को संत शिरोमणि सतगुरू कबीर साहेब के 629वें प्रगट दिवस पर सुरबरा गांव में कार्यक्रम आयोजित होगा। संत कबीर आश्रम में आयोजन होगा। कबीर साहेब के 629वें प्रगट दिवस पर सुरबरा गांव में कार्यक्रम आयोजित होगा।राजबीर ने बताया कि मुख्यअतिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रोफेसर चंडीगढ़ डा. जयनारायण, राममेहर सुलेहड़ा, मा. सुनील दत्त, रामनिवास सरपंच पहुंचेंगे। इसका आयोजन धानक समाज एवं संत कबीर साहेब युवा सभा सुरबरा द्वारा किया जा रहा है। 10वीं, 12वीं में 80% से अधिक नंबर लेने वाले छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

### घर में घुस दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**जींद।** सदर थाना इलाका गांव घर में घुस कर महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जोर जबरदस्ती करने पर महिला के कपड़े फट गए। आरोपित ने महिला को घटना के बारे में बताने पर जातिसूचक गालियां तथा धमकी दी। सदर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म करने, एसी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।सदर थाना इलाका गांव की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत नौ मई को वह घर में अकेली थी। उसी दौरान गांव का ही अमन उसके घर में घुस आया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। हाथापाई के दौरान उसके कपड़े भी फट गए।

### अश्लील सामग्री पोस्ट करने पर मामला दर्ज

**जींद।** इंस्टाग्राम आईडी अश्लील सामग्री पोस्ट करने पर शहर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूलतः करनाल हाल शहर थाना इलाका निवासी व्यकित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की गांव गोदर (करनाल) निवासी संजीव ने अपने इंस्टा आईडी से महिला की अश्लील सामग्री को वायरल कर दिया। जिससे महिला की छवि खराब करने की कोशिश की गई। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### देशी कपास की फसल का पंजीकरण अवश्य करवाएं

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा देशी कपास की खेती को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देशी कपास उगाने वाले किसानों के लिए पंजीकरण हेतु ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है। डीसी ने बताया कि यह पोर्टल गत 19 मई से खोला जा चुका है। उन्होंने जिले के सभी कपास उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए समय रहते पोर्टल पर अपनी देशी कपास की फसल का पंजीकरण अवश्य करवा लें।

### विभागीय कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक नौ जून को

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में नौ जून को प्रातः 10 बजे विभागीय कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता डीसी डा. वैशाली शर्मा करेंगी। सभी संबंधित अधिकारी स्वयं बैठक में समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### केएम स्कूल में स्पेशल राइटिंग कैंप आज

**उचाना।** चार जून को सुदकैन कलां के किरण मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्पेशल राइटिंग कैंप आयोजित होगा। सुलेख प्रशिक्षक सुरेश चौहान ने कहा कि इस तरह के कैंपों में हिस्सा लेना चाहिए। राइटिंग अगर खराब है तो उससे परीक्षाओं में विद्यार्थियों को अंकों में नुकसान हो जाता है। राइटिंग कैंप में बताया जाएगा कि किस तरह से शब्दों को लिखे कैसे लिखे। हर शब्द का महत्व होता है।

---

विश्व साइकिल दिवस: बच्चों ने उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लिया

# बच्चों को दिया स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## साइकिल चलाना बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला जींद में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विश्व साइकिल दिवस पर बच्चों को स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति जागरूक करने के लिए गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस प्रतिवर्ष तीन जून को मनाया जाता है। इस दिवस का मु य उद्देश्य साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देना, लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना है। बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान भी बच्चों की सीखने और जीवन कौशल विकसित करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। विभाग द्वारा बच्चों के लिए विभिन्न रचनात्मक व्यवहारिक गतिविधियां निर्धारित की हैं, जिनमें अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। इन्हीं गतिविधियों के अंतर्गत बच्चों को प्रतिदिन सुबह व्यायाम करने, सैर करने, साइकिल चलाने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। राजेश वशिष्ठ ने स्वयं साइकिल चलाकर बच्चों और समाज को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि साइकिल एक ऐसा साधन है जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि प्रदूषण को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के डिजिटल युग में बच्चों का अधिक समय मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर व्यतीत होता है, जिससे उनकी शारीरिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। ऐसे में साइकिल चलाना बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकता है। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक गतिविधियों में भाग लिया। कई बच्चों ने सुबह साइकिल चलाकर अपने अनुभव साझा किए तथा नियमित रूप से व्यायाम और खेल गतिविधियों में भाग लेने का संकल्प लिया। बच्चों ने बताया कि साइकिल चलाने से उन्हें आनंद के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त होता है। बच्चों ने स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन और नियमित व्यायाम से जुड़े संदेश भी दिए।



जींद। साइकिल चलाते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करे

जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखें बल्कि उन्हें खेल, योग, व्यायाम, साइकिलिंग, पठन-पाठन, कला एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और वे शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से अधिक सक्षम बनेंगे। उन्होंने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन का उद्देश्य केवल बुनियादी साक्षरता एवं सं यात्मक ज्ञान विकसित करना ही नहीं है बल्कि बच्चों में स्वस्थ आदतों, सकारात्मक सोच और जीवनोपयोगी कौशलों का विकास करना भी है। विश्व साइकिल दिवस पर आयोजित गतिविधियों ने बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया।



कैथल। अस्पताल में योगासन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### नागरिक अस्पताल में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वावधान में तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत जिले की सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) एवं जिला नागरिक अस्पताल कैथल में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना रहा।



जींद। कार्यशाला में सांझी बनाते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

## लोक संस्कृति, सामाजिक मूल्यों और ग्रामीण जीवन की जीवंत अभिव्यक्ति

▪ कार्यशाला में महिलाएं सीख रही सांझी बनाने के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और लोक परंपराओं को संरक्षित एवं संवर्धित करने के उद्देश्य से कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा सांझी संरक्षण अभियान के तहत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल पांडु पिंडारा स्थित पांचाल धर्मशाला में तीन दिवसीय सांझी संरक्षण कार्यशाला दूसरे दिन गांव की लगभग 15 महिलाओं ने भाग लिया। विभाग द्वारा विलुप्ति की ओर बढ़ रही पारंपरिक लोक कला सांझी को पुनर्जीवित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य न केवल इस प्राचीन कला का संरक्षण करना है बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और लोक परंपराओं से जोडऩा भी है। इन कार्यशालाओं में स्थानीय महिलाएं अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सांझी कला का निर्माण कर रही हैं और इसके विभिन्न आयामों को सीखेंने का प्रयास कर रही है। कलां एवं सांस्कृतिक अधिकारी रेणु हुड्डा ने बताया कि विभाग के आयुक्त एवं सचिव डा. अमित कुमार अग्रवाल तथा महानिदेशक केण्एमण पांडुरंग के दिशा-निर्देशन में प्रदेश के सभी मंडलों में तीन-तीन दिवसीय सांझी कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा की लोक संस्कृति, सामाजिक मूल्यों और ग्रामीण जीवन की जीवंत अभिव्यक्ति है। यह कला हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम है। बदलती जीवनशैली, और आधुनिकता के प्रभाव के कारण नई पीढ़ी इस लोक कला से दूर होती जा रही है। ऐसे में विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बताया कि कार्यशाला पूरी तरह निशुल्क होगी। सांझी कला सीखने की इच्छुक महिलाएं एवं युवतियां इसमें भाग लेकर विशेषज्ञों से सांझी निर्माण की पारंपरिक तकनीकों और कलात्मक विधियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं।

## एक मामले का मौके पर निपटारा किया विचाराधीन बंदी को अंडरगोन का लाभ

▪ जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में एक मामला विचाराधीन रखा गया। जिसका मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। विचाराधीन बंदी को अंडरगोन का लाभ प्रदान करते हुए आदेश पारित किए गए कि यदि उसके विरुद्ध कोई अन्य मामला लंबित नहीं है तो उसे रिहा किया जाए। प्राधिकरण सचिव अमित सिहाग ने जेल में रह रहे कैदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता तथा अपील के अधिकार के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों एवं हवालातियों की समस्याओं को सुना तथा उनके मामलों में आ रही कठिनाइयों के समाधान संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिला कारागार लोक अदालत में मामले का निपटान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## इंडस पब्लिक स्कूल में समर कैंप का समापन

### बच्चों ने अनुशासन, टीम भावना और रचनात्मक सोच जैसे गुणों को सीखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में आयोजित समर कैंप का समापन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ। कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर न केवल नए कौशल सीखे बल्कि अपने अवकाश को और भी रचनात्मक और आनंदमय बना लिया। समर कैंप के दौरान बच्चों को जूडो कराटे, प्रशिक्षण, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, मूवी सैशन, स्टोरी टेलिंग, पपेट शो और अनेक मनोरंजक गतिविधियां से परिचित करवाया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रत्यक गतिविधि में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैंप के आकर्षण को और अधिक बढाने के लिए बॉलीवुड थीम पर आयोजित रैंप वॉक और पूल पार्टी का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। समर कैंप के दौरान बच्चों ने अनुशासन, आत्मविश्वास टीम भावना और रचनात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण गुणों को सीखा। मुख्यध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबांधित करते कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार समर कैंप का समापन खुशी, उत्साह और अविस्मरणीय यादों के साथ हुआ।





गतिविधियों में भाग लेते बच्चे।



जींद। सेवा भाव से निर्माण कार्य में जुटी संगत। फोटो :हरिभूमि

### बीबीपुर में बन रहा भव्य राधा स्वामी सत्संग भवन

**जींद।** गांव बीबीपुर में श्री हुजूर कंवर साहिब महाराज दिनोद वालों के आशीर्वाद से एक भव्य राधा स्वामी सत्संग भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। राधा स्वामी सत्संग शाखा दिनोद और शाखा जींद के संयुक्त प्रयास से तैयार हो रही यह परियोजना क्षेत्र में सेवाए समर्पण और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण बन कर उभर रही है। राधा स्वामी से जुड़े धर्मबीर दलाल ने बताया कि इस भवन का निर्माण लगभग आठ एकड़ भूमि में किया जा रहा है। जबकि संगत के वाहनों की सुविधा के लिए करीब साढ़े तीन एकड़ भूमि पार्किंग के लिए सुरक्षित रखी गई है। भवन के पूर्ण होने के बाद यहां बडी संख्या में आने वाली संगत को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस बारे विस्तृत जानकारी देते हुए धर्मबीर दलाल ने बताया कि इस निर्माण कार्य की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां किसी प्रकार की मजदूरी नहीं लगाई जा रही है। पूरा निर्माण कार्य सेवा भावना और श्रमदान के आधार पर किया जा रहा है। प्रतिदिन सैंकडों सेवादार स्वेच्छा से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। श्रद्धालु अपनी श्रद्धा और सामथ्र्य के अनुसार ईंट, सीमेंट तथा अन्य निर्माण सामग्री का योगदान कर रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

▪ विश्व साइकिल दिवस पर हुआ साइकिल रेस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर युवा मंडल कंडेला द्वारा साइकिल रेस का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य, फिटनेस तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला युवा अधिकारी हरप्रीत सिंह, सर्वजातीय खाप संयोजक टेकराम कंडेला, ब्लॉक समिति सदस्य गीता कंडेला, युवा मण्डल कंडेला के प्रधान सोनू कंडेला, संयोजक हरदीप कंडेला, परमजीत कंडेला, अक्षय कंडेला वाल्मीकि तथा अन्य साथियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर कलीराम प्रधानए रमेश पंडितए नीला पंडितए प्रदीप रेढू एवं अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने युवाओं को खेलों, फिटनेस गतिविधियों तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में बढ़.चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साइकिल रेस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अनीस कंडेला ने पुरस्कार एवं ट्रॉफियां वितरित की गईं। युवा मंडल कंडेला ने कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके सहयोग के लिए विशेष आभार व्यक्त किया।



जींद। विश्व साइकिल दिवस पर विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए।



जींद। सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से मिलते हुए विजेंद्र ढाठरथ। फोटो :हरिभूमि

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा से मिले पंचायती राज संगठन के जिलाध्यक्ष

**जींद।** पंचायती राज संगठन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विजेन्द्र ढाठरथ ने दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से शिष्टाचार भेंट की। दोनों नेताओं ने ढाठरथ को नई जिम्मेदारी की हार्दिक बधाई देते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने ओर आमजन की समस्यायों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। मुलाकात के दौरान पंचायत स्तर पर कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर आगे बढऩे पर चर्चा हुई। ओर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। ओर कांग्रेस की आवाज को बुलंद किया जाएगा। इस अवसर पर सुशील जैन, प्रवेश लाठर, सोरण शर्मा, अनिल शर्मा, अक्षय, आदि मौजूद रहे।

शिविर का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा छिपी प्रतिभाओं को निखारना

# मोतीलाल स्कूल में शिविर का दूसरा दिन: बच्चों ने सीखे योग जुंबा डांस, शूटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट व स्पोकन इंग्लिश के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में आयोजित ग्रीष्म शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों में भाग लिया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना तथा उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना है। दूसरे दिन आयोजित गतिविधियों में योग, जुंबा डांस, शूटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा स्पोकन इंग्लिश प्रमुख आकर्षण रहे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ इन गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल को विकसित किया। दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई। जिसमें प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया। बच्चों को योग के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया गया। प्रशिक्षकों ने समझाया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। मन एकाग्र होता है तथा तनाव से मुक्ति मिलती है। विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात जुंबा डांस सत्र का आयोजन किया गया। संगीत की मधुर धुनों पर बच्चों ने प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न जुंबा स्टेप्स सीखे। इस गतिविधि ने बच्चों में ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया।



योगाभ्यास करते हुए बच्चे।

#### तकनीक के बारे में जानकारी दी

प्रशिक्षकों ने उन्हें विभिन्न नृत्य शैलियों की बारीकियों से अवगत कराया तथा ताल, लय और अभिव्यक्ति के महत्व को समझाया। बच्चों ने समूह और व्यक्तिगत प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस सत्र ने विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और मंच पर प्रदर्शन करने की क्षमता को बढ़ावा दिया। शूटिंग गतिविधि भी विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। प्रशिक्षकों ने बच्चों को शूटिंग के मूलभूत नियमों, सुरक्षा उपायों तथा लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की तकनीकों के बारे में जानकारी दी।



जुलाना। विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधियों से बैठक करते एसडीएम होशियार सिंह।

### राजनीतिक दल और बीएलए प्रतिनिधियों की बैठक

**जुलाना।** जुलाना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर एसडीएम कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम होशियार सिंह ने की। इसमें विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं बीएलए उपस्थित रहे। एसडीएम ने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संविधान के अनुच्छेद 324 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 21 के तहत यह विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हरियाणा में यह प्रक्रिया लगभग 24 वर्षों बादए वर्ष 2002 के बाद दोबारा लागू की जा रही है।उन्होंने बताया कि इस पुनरीक्षण के लिए एकजुलाई को योग्यता तिथि निर्धारित की गई है। बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना कार्य 15 जून से 14 जुलाई तक किया जाएगा। मतदान केंद्रों के पुनर्गठन संबंधी प्रस्ताव 14 जुलाई तक भेजे जाएंगे। प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। इनका निपटान 21 जुलाई से 18 सितंबर तक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप


कैथल। शूगर मिल में स्वच्छता अभियान चलाते कर्मचारी।

### शुगर मिल में चलाया सफाई अभियान

**कैथल।** कैथल के सहकारी चीनी मिल में सफाई अभियान चलाया गया। मिल के प्रबन्ध निदेशक कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वच्छता से बीमारियां दूर भागती हैं। अभियान के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर मिल के मुख्य लेखाधिकारी सतीश कुमार, मुख्य रसायनविद् कमलकांत तिवारी, उप मुख्य अभियन्ता ए.एच. जुबैरी, बिक्री प्रबंधक जगदीश, लवलेश शर्मा, रामपाल तंवर, शमशेर कुंडू, सुरेश शर्मा, सुशील तंवर, पवन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।


राजौंद। माजरा रोहेड़ा के उप स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों को जागरूक करते स्वास्थ्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का दिया संदेश

**राजौंद।** गांव माजरा रोहेड़ा के उप स्वास्थ्य केंद्र में सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला के निर्देशानुसार तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राजौंद डॉ. संदीप सिंह के मार्गदर्शन में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमपीएचडब्ल्यू राकेश रोहिल्ला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटा और बेटी एक समान हैं तथा कन्या जन्म को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी बेटियों पर भी बेटों की तरह ही गर्व करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि बेटी के जन्म पर कम से कम पांच पौधे अवश्य लगाएं और लिंग जांच व भ्रूण हत्या जैसे अपराधों से दूर रहें।

# डीसी ने राजौंद के नायब तहसीलदार को थमाया कारण बताओ नोटिस

## तहसील, बीडीपीओ व नगर पालिका कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

- अफसरों को जवाबदेही तय करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

डीसी अपराजिता ने बुधवार को राजौंद में तहसील कार्यालय, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय तथा नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर, विभिन्न शाखाओं के रिकॉर्ड तथा जन सेवाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे डीसी अपराजिता तहसील कार्यालय पहुंची। जहां नायब तहसीलदार स्नेहलता अपने कार्यालय से अनुपस्थित मिली। इस पर डीसी ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के प्रति लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीसी ने तहसील परिसर में मौजूद नागरिकों एवं शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले आमजन के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके कार्यों का निपटारा निर्धारित समय सीमा में किया जाए तथा किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके उपरांत डीसी ने बीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया और विभिन्न विकास योजनाओं एवं शिकायत निवारण प्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने बीडीपीओ अनु से जनसंवाद कार्यक्रम, समाधान शिविर, सीएम विंडो तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की विस्तृत रिपोर्ट तलब की। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के साथ सुना जाए।


राजौंद। डीसी प्रीति राजौंद के तहसील कार्यालय में औचक निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सफाई को लेकर दी हिदायत

वहीं नगर पालिका कार्यालय के निरीक्षण के दौरान डीसी ने सफाई व्यवस्था, विकास कार्यों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का आकलन किया। उन्होंने शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका सचिव को सख्त हिदायतें जारी कीं। उन्होंने नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा को वर्ष 2023-24 में स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व में जारी किए गए बजट से संबंधित यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट (यूसी) तत्काल विभाग को भेजने के आदेश भी दिए। उन्होंने नगर पालिका परिसर में संचालित आधार केंद्र तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) विंडो का भी निरीक्षण किया और दिनभर में प्राप्त आवेदनों तथा उनके निस्तारण की रिपोर्ट मांगी।


पूंडरी। नि:शुल्क योग में भाग लेते योग साधक। फोटो : हरिभूमि

## विश्वकर्मा मंदिर में नि:शुल्क योग एवं चिकित्सा शिविर

- लोगों को योग, प्राणायाम, ध्यान तथा प्राकृतिक जीवन शैली के महत्व की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी


विश्वकर्मा मंदिर, फतेहपुर में आज आचार्य विजय भारद्वाज के सान्निध्य में नि:शुल्क योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं एवं योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आचार्य विजय भारद्वाज ने उपस्थित लोगों को योग, प्राणायाम, ध्यान तथा प्राकृतिक जीवन शैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास एवं संतुलित प्राकृतिक जीवनशैली अपनाकर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अनिद्रा, मानसिक तनाव तथा अन्य अनेक जीवनशैली संबंधी रोगों से बचाव किया जा सकता है।

शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक प्राकृतिक उपचारों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। आचार्य विजय भारद्वाज ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का भी प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शिविर की सराहना करते हुए अधिक से अधिक लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। शिविर आगामी दिनों में भी नियमित रूप से संचालित किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता, योग प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

# संविदा कर्मी को नियमित करने का 23 वर्ष पुराना मामला निपटाया

- समाधान समारोह में मध्यस्थता से सुलझा मामला


कंवल कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चलाए जा रहे समाधान समारोह के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार तथा मध्यस्थ अरविंद खुरानिया के प्रयासों से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित एक 23 वर्ष पुराने संविदा कर्मचारी को नियमित करने संबंधी विवाद का मध्यस्थता के माध्यम से सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित समाधान समारोह के तहत सर्वोच्च न्यायालय में लंबित विभिन्न वाद-विवादों का निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से किया जा रहा है। इसी क्रम में कैथल जिले से संबंधित एक मामला, जो लगभग 23 वर्षों से सर्वोच्च न्यायालय में लंबित था, दोनों पक्षों की सहमति से मध्यस्थता के माध्यम से सफलतापूर्वक सुलझा लिया गया। उन्होंने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में 21, 22 एवं 23 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाली लोक अदालत के माध्यम से भी लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। आज संपन्न हुए इस समझौते से दोनों पक्ष संतुष्ट एवं प्रसन्न हैं तथा उन्होंने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चलाई जा रही इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। कंवल कुमार ने आगे बताया कि लोक अदालत एवं मध्यस्थता के माध्यम से मामलों के निपटारे से पक्षकारों के बीच आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बना रहता है। इसके अतिरिक्त, लोक अदालत के निर्णय के विरुद्ध अपील का कोई प्रावधान नहीं होता तथा नियमानुसार न्यायालय शुल्क भी वापस किया जाता है।

# बेसहारा पशुओं के हमले से प्रभावित 13 आवेदनों को दी 'दयालु-2' योजना के तहत लाभ की मंजूरी

- एडीसी डा. सुशील कुमार ने की दयालु-2 योजना के तहत प्राप्त आवेदन को लेकर समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी डा. सुशील कुमार ने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु-2) सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। जिसमें बेसहारा पशुओं के मामले में पीड़ित लोगों व परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाती है। कोई भी परिवार जिसमें कोई सदस्य जो बेसहारा पशुओं के हमले या पशुओं के कारण घायल हो जाते हैं, या फिर किसी सदस्य की मृत्यु हो जाती है तो पात्र परिवार हादसे के 90 दिन के भीतर-भीतर दयालु-2 योजना के तहत आवेदन करें, ताकि नियमानुसार उन्हें मुआवजा दिलाया जा सके। एडीसी डा. सुशील कुमार बुधवार को लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक में योजना के तहत आए आवेदनों पर विचार कर रहे थे। बैठक में जिला सांख्यिकी अधिकारी निर्मल कौर ने बतौर सदस्य सचिव कुल आवेदनों की जानकारी दी। एक-एक मामले में विचार करने के बाद एडीसी डा. सुशील कुमार की अध्यक्षता में कमेटी ने 30 में से 13 मामलों में मुआवजे के लिए मंजूरी दी। एक मामले में विभाग मुख्यालय से मार्गदर्शन लिए जाने का निर्णय हुआ और 16 मामलों में नियम पूरे न होने पर रिजेक्ट किए जाने का फैसला लिया गया। मंजूरी दिए जाने वाले मामलों में 12 मामले कुत्तों के काटने व एक मामले में बेसहारा पशु के कारण एक व्यक्ति के घायल होने पर मुआवजे की मंजूरी दी गई। एडीसी डा. सुशील कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन सुनिश्चित किया जाए और आपसी समन्वय बढ़ाते हुए पात्र व्यक्तियों तक योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए।


कैथल। एडीसी डा. सुशील कुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।


कैथल। जनता को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

### पुलिस ने आमजन को साइबर क्राइम से बचाव के प्रति किया जागरूक

**कैथल।** साइबर थाना पुलिस की टीम द्वारा हनुमान वाटिका कैथल में राहगीरी प्रोग्राम तहत आमजन को साइबर क्राइम के प्रकार व उनसे बचाव बारे जागरूक किया गया। साइबर क्राइम थाना प्रभारी एसआई रणदीप सिंह की अगुवाई में पीएसआई जोनी की टीम द्वारा साइबर क्राइम से बचने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों बारे बताया गया। पुलिस ने बताया कि आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है जिसके कारण आम नागरिकों को बहुत लाभ हुआ है वही अपराधी रोज नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए हम सबको मिलकर सांझे प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी भी प्रकार से प्राप्त लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी साझा ना करें। ऑनलाइन खरीदारी करते समय विशेष तौर पर सावधानी बरतें। यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे अपनी कोई भी जानकारी ना दें उन्होंने बताया कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है।


ढांड। सेवानिवृत सब इंस्पेक्टर का स्वागत करते ग्रामीण।

### 40 वर्ष देश सेवा के बाद गांव कौल लौटे बीएसएफ सब इंस्पेक्टर बलराज सिंह

**ढांड।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 40 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होकर अपने पैतृक गांव कौल पहुंचे सब इंस्पेक्टर बलराज सिंह का ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। गांव में पहुंचते ही ढोल-नगाड़ों, फूल मालाओं और देशभक्ति के नारों के साथ ग्रामीणों ने अपने वीर सपूत का अभिनंदन किया। इस अवसर पर मोटरसाइकिलों एवं वाहनों के विशाल काफिले के साथ सब इंस्पेक्टर बलराज सिंह को गांव की मुख्य गलियों से सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान तक पहुंचाया गया। पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। गांव पहुंचने के बाद बलराज सिंह ने गांव की महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बाबू अनंतराम, जनता कॉलेज परिसर में स्थापित अर्जुन अवार्डी स्वर्गीय बलवंत सिंह बल्लू, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह तथा रोड राजा चौक पर स्थापित रोड राजा की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती, मिंटू सागवाल, मास्टर धर्मवीर, बलकार कोच, मास्टर रणबीर आर्य, संजीव कोच, महेंद्र सिंह फूलाराम, पंडित अभिषेक सहित गांव के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ईश्वर की इच्छा को स्वीकार करने में ही जीवन का वास्तविक आनंद : संत छविराम

**सीवन।** युवा समाजसेवी नित्यम के निवास पर आयोजित धार्मिक सत्संग में प्रमुख कथा वाचक एवं संत छविराम दास ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जीवन का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को हर परिस्थिति में ईश्वर की इच्छा को स्वीकार करना चाहिए। जो कुछ हमें प्राप्त हुआ है वह प्रभु की कृपा है और जो नहीं मिला, उसमें भी परमात्मा की कोई न कोई कल्याणकारी भावना अवश्य छिपी होती है। संत छविराम दास ने कहा कि आज का मनुष्य इच्छाओं के जाल में उलझ कर संतोष को भूलता जा रहा है। वह ईश्वर से लगातार मांगता रहता है, लेकिन जो कुछ मिला है उसके लिए कृतज्ञता व्यक्त नहीं करता। उन्होंने कहा कि सच्चा भक्त वही है जो सुख में अहंकार और दुख में निराशा से दूर रहकर प्रभु पर अटूट विश्वास बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली कठिनाइयां व्यक्ति को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाती हैं। परमात्मा कभी भी अपने भक्त का अहित नहीं करता। कई बार जो बात हमें उस समय अच्छी नहीं लगती, वही आगे चलकर हमारे जीवन के लिए सबसे अधिक लाभदायक सिद्ध होती है। संत छविराम दास ने कहा कि धन, पद और प्रतिष्ठा से जीवन की आवश्यकताएं पूरी हो सकती हैं, लेकिन मन की शांति केवल प्रभु भक्ति, संतोष और सद्कर्मों से ही प्राप्त होती है।


सीवन। श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश देते संत छविराम दास। फोटो : हरिभूमि


कैथल। समाजसेवी धर्मबीर केमिस्ट का स्वागत करते आयोजक।

### योग के माध्मय से किया जा सकता है स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण : धर्मबीर केमिस्ट

**कैथल।** प्रसिद्ध समाजसेवी धर्मबीर केमिस्ट ने कहा कि योग के माध्यम से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन योग व प्राणायाम करना चाहिए। धर्मबीर केमिस्ट बुधवार को कैथल के सेक्टर 20 हूडा के पार्क में पंतजलि योग समिति द्वारा आयोजित 15 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षक शिविर का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व उनका यहां पहुंचने पर आचार्य रामचरण, बदन सिंह, अनिल गुप्ता व श्री खाटू श्याम सेवा समिति के प्रधान मनोज सिंगला द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। प्रेस प्रवक्ता नरेश पंवार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आचार्य रामचरण ने साधकों को विभिन्न प्रकार के योगासन करवाए तथा उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रामचरण ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति ही समाज व राष्ट्र निर्माण के योगदान में सहयोग दे सकता है। उन्होंने कहा कि योग व प्राणायाम केवल वृद्ध व बढी आयु के लोगों के लिए ही नहीं बल्कि हर आयु वर्ग के लोगों के लिए फायदेमंद है। यदि बच्चे योग से जुडते हैं तो वे पूरी तरह से स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने बच्चों को प्राणायाम तथा ताडासन करने का आह्वान किया।


राजौंद। डीसी अपराजिता ज्ञान दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा ही सफलता की वास्तविक कुंजी : अपराजिता

**राजौंद।** ज्ञान दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद में बुधवार को सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया द्वारा हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग की स्वीकृति से 20 दिवसीय विज्ञान एवं गणित समर स्कूल प्रेरणा-2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। इसमें डीसी अपराजिता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और समर स्कूल का उद्घाटन किया। सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन इंडिया की सचिव कीया धर्मवीर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। 3 जून से 23 जून तक चलने वाले इस विशेष कार्यक्रम में राजौंद खंड के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के करीब 470 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एचएससीएसटी), पंचकूला का विशेष सहयोग प्राप्त है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डीसी अपराजिता ने कहा कि वर्तमान दौर विज्ञान और तकनीक का युग है। ऐसे में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच विकसित करना समय की आवश्यकता है। वैज्ञानिक सोच और जिज्ञासा ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और गणित को अक्सर कठिन विषय माना जाता है, जबकि सही मार्गदर्शन और प्रयोगात्मक शिक्षा के माध्यम से इन्हें सरल एवं रोचक बनाया जा सकता है।

**सम्मान** | श्रेष्ठ शिक्षक ही रखता है एक श्रेष्ठ समाज की नींव : रवि भूषण गर्ग

> शिक्षक केवल ज्ञान का दीपक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त शिल्पकार भी होता है

# एसएस बाल सदन विद्यालय में 32 अध्यापकों को मिला शिक्षक अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसएस बाल सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 32 शिक्षकों को शिक्षक अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक बंसल था एसएस सोसाइटी के प्रबंध निदेशक रवि भूषण गर्ग ने शिक्षकों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। रवि भूषण गर्ग ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का दीपक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त शिल्पकार भी होता है। एक श्रेष्ठ शिक्षक ही श्रेष्ठ समाज की नींव रखता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है और समाज को योग्य नागरिक प्राप्त होते हैं। एसएस बाल सदन के प्रिंसिपल हिमांशु गर्ग तथा प्रधान राजरानी गर्ग ने कहा कि एसएस सोसाइटी के अंतर्गत संचालित एसएस बाल सदन स्कूल और बीआरडीएम स्कूल के शिक्षकों ने शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हीं उत्कृष्ट सेवाओं और समर्पण को सम्मानित करने के उद्देश्य से यह समारोह आयोजित किया गया है।


कैथल। शिक्षक अवार्ड से नवाजे गए शिक्षक फोटो : हरिभूमि

### सम्मान से मिलता है प्रोत्साहन

उन्होंने कहा कि सम्मान केवल उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि नई प्रेरणाओं का स्रोत भी होता है। बीआरडीएम स्कूल की प्रिंसिपल श्रेया गर्ग ने कहा कि विद्यालयों की निरंतर प्रगति और विद्यार्थियों की सफलताओं के पीछे शिक्षकों की मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा से लेकर खेल एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों तक, एसएस सोसाइटी के विद्यार्थी निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। समारोह में सेवानिवृत्त संगीत शिक्षक विश्वजीत को उनके दीर्घकालीन योगदान और प्रेरणादायी सेवाओं के लिए विशेष 'प्रेरणा अवार्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित शिक्षकों के चेहरे गर्व से दमक उठे और पूरा वातावरण तालियों की गूंज से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर सरोजनी नायडू स्कूल के प्रबंधक गौतम बंसल, प्रिंसिपल मोनिका बंसल सहित विद्यालय का शिक्षक एवं गैर-शिक्षक स्टाफ भी उपस्थित रहा।


कैथल। जिला नोडल अधिकारी का स्वागत करते आयोजक।

### एनएसएस से होता है युवाओं में राष्ट्रभक्ति का निर्माण : सतीश मच्छाल

**कैथल।** उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों का राज्य स्तरीय विशेष शिविर पीएम श्री कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल में 31 मई 2026 से 6 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं प्रधानाचार्य, राजकीय आईटीआई कैथल सतीश मच्छाल ने की। शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज का युवा नशीले पदार्थों और मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के कारण स्वास्थ्य एवं भविष्य को नुकसान पहुंचा रहा है। छात्र जीवन में अनुशासन, सेवा, समर्पण तथा राष्ट्रप्रेम की भावना अत्यंत आवश्यक है, तभी विद्यार्थी एक सफल एवं जिम्मेदार नागरिक बन सकता है। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा द्वारा 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जिनके माध्यम से जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है।


पूंडरी। जूट बैग निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेती महिलाएं।

### ट्योंठा गांव में महिलाओं को दिया जूट बैग बनाने का प्रशिक्षण शिविर

**पूंडरी।** ट्योंठा गांव में महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था एक किरण उम्मीद की द्वारा 10 दिवसीय जूट बैग निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में गांव की महिलाओं एवं युवतियों को जूट से आकर्षक एवं उपयोगी बैग बनाना सिखाया जाएगा, जिससे वे भविष्य में स्वयं का रोजगार शुरू कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। संस्था की अध्यक्षा निधि मोहन ने कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कहा कि आज के समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। यदि महिलाओं को उचित प्रशिक्षण और अवसर प्रदान किए जाएं तो वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकती हैं, बल्कि समाज में भी अलग पहचान बना सकती हैं। बताया कि जूट बैग पर्यावरण के अनुकूल होते हैं और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने में भूमिका निभाते हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को जूट बैग बनाने की विभिन्न तकनीकों, डिजाइनिंग, फिनिशिंग और विपणन संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### जन्मदिन पर लगाई ठंडे व मीठे पानी की छबील

**उचाना।** पुलिस चौकी के पास ठंडे मीठे पानी, जलजीरे के पानी की छबील लगाई गई। ये छबील रीतिक गर्ग ने अपने जन्मदिन पर लगाई। गर्ग ने कहा कि हर किसी को चाहिए कि परिवार में कोई भी खुशी हो तो सामाजिक कार्य करें।

### सोमनाथ की यात्रा के लिए 6 तक करें आवेदन

**जींद।** सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन वेरावल (गुजरात) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी आठ जून को एक विशेष ट्रेन रवाना होगी। इच्छुक श्रद्धालु छह जून तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### ठेके से नकदी और शराब की बोतलें चुराई

**कैथल।** गांव छौत से चोर एक शराब के ठेके में घुसकर वहां पर रखी 70 बोतल शराब तथा करीब 11 हजार की नकदी चुराकर ले गए। सोहन सिहं उर्फ सोनू ने बताया कि उसने स्कोच टैप चिल्लर के नाम से गांव छौत में ठेका शराब अंग्रेजी व देशी लिया हुआ है। 31 मई की रात को समय करीब 10 बजे सेल्समैन सुमित कुमार शराब ठेका को बन्द करके अपने घर चला गया था। 1 जून को जब सुमित ने ठेका शराब पर आकर देखा तो ठेके की दिवार पर लगी खिड़की टूटी हुई मिली और चोरी का पता चला।

### किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण का दिया संदेश

**जींद।** चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा जींद द्वारा गांव अकालगढ़ में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कृषि विज्ञान केंद्र के जिला विस्तार विशेषज्ञ मृदा विज्ञान डा. धीरज पंघाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान डा. धीरज पंघाल ने कहा कि मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की कमी सूक्ष्म पोषक तत्वों का असंतुलन तथा मृदा की उर्वरता में गिरावट जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। स्वस्थ मिट्टी ही टिकाऊ एवं लाभकारी कृषि की आधारशिला है।

### साइक्लिंग सिटी खेलो इंडिया प्रतियोगिता 7 को

**कैथल।** हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के सहयोग से अस्मिता साइक्लिंग सिटी खेलो इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन 7 जून को कैथल में किया जाएगा। जिला साइकिलिंग संघ के महासचिव सुनील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में केवल महिला खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगी। सीनियर वर्ग में 19 वर्ष एवं उससे अधिक आयु की महिलाएं, जूनियर वर्ग में 17 से 18 वर्ष आयु की बालिकाएं तथा सब-जूनियर एवं यूथ वर्ग में 13 से 16 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं भाग ले सकेंगी। सभी आयु वर्गों में व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

---

### बीड़ बड़ा वन रोड की बरम को मिट्टी डालकर किया जाए मजबूत

# गोहाना रोड से नए बस अड्डे वाली सड़क पर ड्रेनेज व्यवस्था करें ठीक : एडीसी

- राष्ट्रीय राजमार्गों की लगातार निगरानी रखें अधिकारी
- सड़कों की बरम रखें दुरुस्त, बिना हेलमेट चालकों के करें चालान : एडीसी प्रदीप कुमार

**एडीसी ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की ली बैठक**



जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए एडीसी प्रदीप कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एडीसी प्रदीप कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों के साथ लगती बरमों को दुरुस्त रखा जाए ताकि वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। साथ ही बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएं। एडीसी प्रदीप कुमार बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर नियमित निगरानी रखी जाए। यदि कहीं भी सड़क पर गड्ढे अथवा क्षतिग्रस्त हिस्से दिखाई दें तो उन्हें तुरंत भरवा कर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों की समय पर मरम्मत और रखरखाव से दुर्घटनाओं की संभावनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

बीड़ बड़ा वन रोड की बरम को मिट्टी डाल कर किया जाए मजबूत बैठक में बीड़बड़ावन से निकलने वाले मार्ग की स्थिति पर भी चर्चा की गई। एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क के साथ लगती बरम को मिट्टी डाल कर और अधिक मजबूत किया जाए ताकि बरसात के मौसम में सड़क को नुकसान न पहुंचे और यातायात सुचारू रूप से चलता रहे।

**यातायात नियमों की पालना करें वाहन चालक**

एडीसी प्रदीप कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की ही नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए तथा हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियों को भी लगातार जारी रखा जाए ताकि आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े।

**जलभराव पर संज्ञान**

*एडीसी ने गोहाना रोड से नए बस अड्डे की ओर जाने वाली सड़क पर बरसाती पानी की निकासी की समस्या का भी संज्ञान लिया। एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इस स्थान पर उचित ड्रेनेज व्यवस्था विकसित की जाए ताकि वर्षा के दौरान पानी जमा न हो और सड़क की गुणवत्ता प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जलभराव सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण बन सकता हैए इसलिए इसके स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।*

**ये रहे मौजूद**

बैठक में एसडीएम सत्यवान सिंह मान, आरटीए गिरीश कुमार, कार्यकारी अभियंता आरके नैन, भानु प्रताप, विकास मलिक, आरएसए भारत नागपाल, एसएचओ शमशेर सिंह, सुनील वशिष्ठ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---



कैथल। रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिवस पर लगाई गई छबील। फोटो : हरिभूमि

## सुरजेवाला के जन्मदिन पर लगाई मीठे पानी की छबील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला का जन्मदिन किसान भवन में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विधायक आदित्य सुरजेवाला और सुदीप सुरजेवाला के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और लड्डू बांटकर जन्मदिन मनाया। किसान भवन के सामने राहगीरों के लिए मीठे पानी की छबील भी लगाई गई। इसके अलावा कई स्थानों पर अन्य कार्यक्रम भी हुए।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढांड, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जोरा सिंह सिनंद, रामनिवास मित्तल, अश्विनी शोरेवाला, सुरेश गर्ग चौधरी, कविराज शर्मा, सुरेन्द्र रांझा, डॉ महिन्द्र सिंह शाह, डॉ डी पी गुप्ता, राधेश्याम बंसल, सतीश बंसल, केशोपाल गर्ग, जयदीप चौधरी, सतीश बंसल, डॉ रामकीर्ति गर्ग आदि सभी साथियों ने रणदीप सुरजेवाला को एक प्रगतिशील ही नहीं बल्कि एक जुझारू नेता की संज्ञा दी।

### गोसेवा कर मनाया सुरजेवाला का जन्मदिन



**नरवाना।** रणदीप सुरजेवाला के जन्मदिन पर कैथल विधायक आदित्य सिंह सुरजेवाला, बृजेंद्र सिंह सुरजेवाला, जगरूप सुरजेवाला, मंजीत सिंह सुरजेवाला और विक्रम सुरजेवाला अन्य कार्यकर्ताओं समेत गोशाला में गायों को चारा और गुड़ खिलाने पहुंचे। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस सदस्य सतबीर दबलैन ने भी नागरिक अस्पताल नरवाना में मरीजों को फल वितरण का काम किया। अग्रवाल जन जागरण मंच (रजि.) नरवाना द्वारा हुडा ग्राउंड नरवाना के त्रिवेणी चौंक पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश सिंगला और साथियों के साथ जलजीरा और ठंडे पानी की छबील का आयोजन किया गया। नगर परिषद के पूर्व प्रधान भारत भूषण, पूर्व वायस चेयरमैन राजू प्रजापत, मंडी एसोसिएशन के प्रधान जयदेव, जिया लाल गोयल, रोहताश सिंगला आदि मौजूद रहे।

---

### फर्जी रिलीज डीड से चाचा की जमीन हड़पी

**कैथल।** चंदाना रोड स्थित चौधरी पट्टी के व्यक्ति से फर्जी रिलीज डीड तैयार कर करीब 4 कनाल 18 मरले जमीन हड़प ली। शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने शिकायतकर्ता के भतीजे के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी शिकायत में चंदाना रोड स्थित चौधरी पट्टी निवासी रमेश कुमार ने बताया कि उसके नाम शहर में 4 कनाल 18 मरले भूमि है। उसका सगा भतीजा सुखबीर सिंह धोखाधड़ी कर उसकी जमीन अपने नाम करवा चुका है। मई 2025 में जब उसने जमीन के सभी दस्तावेज जुटाने शुरू किए तो मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद वह पटवारी के पास पहुंचा, जहां उसे बताया गया कि वर्ष 2015 में उसने उक्त जमीन सुखबीर सिंह के नाम बेच दी थी। उसने न तो अपनी जमीन किसी को बेची और न ही किसी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। उसके अनुसार फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पी गई है।

## विश्वविद्यालय के मुख्य गोल चक्कर पर सुरक्षा दुरुस्त करने की मांग

- एबीवीपी जींद इकाई ने रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में कुलसचिव प्रोफेसर सीमा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी जींद इकाई ने रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में कुलसचिव प्रोफेसर सीमा गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विश्वविद्यालय के मुख्य गोल चक्कर पर व्याप्त अव्यवस्था, सुरक्षाकर्मियों की लापरवाही तथा वाहनों के अनियंत्रित संचालन के कारण उत्पन्न हो रहे दुर्घटना के खतरे की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया। एबीवीपी के विश्वविद्यालय अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि विश्वविद्यालय का मुख्य गोल चक्कर प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा अभिभावकों की आवाजाही का प्रमुख केंद्र है। विशेष रूप से परीक्षा के दिनों में परीक्षा शुरू होने और समाप्त होने के समय यहां अत्यधिक भीड़ एकत्रित हो जाती है। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों का दबाव इतना अधिक बढ़ जाता है कि पूरे क्षेत्र में जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

प्रशासन द्वारा परिसर में पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई है लेकिन इसके बावजूद अनेक वाहन गोल चक्कर के आसपास ही खड़े रहते हैं अथवा अपने परिचितों का इंतजार करते हुए सड़क पर रुक जाते हैं। इससे न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि विद्यार्थियों के लिए गंभीर सुरक्षा संकट भी पैदा हो जाता है।

### उचाना खुर्द में पीएचसी केंद्र का टेंडर लगने से पूरी हुई मांग : जांगड़ा



**उचाना।** मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद सतीश जांगड़ा ने कहा कि उचाना खुर्द में पीएचसी केंद्र की बिल्डिंग निर्माण को लेकर टेंडर लगने से वर्षों पुरानी उचाना खुर्द के साथ-साथ आसपास के गांव की मांग पूरी हुई है। उचाना में हुई सीएम नायब सिंह सैनी की विकास रैली में इस मांग को विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा प्रमुखता से रखा गया था। 3.42 करोड़ से पीएचसी केंद्र की आधुनिक बिल्डिंग का निर्माण होगा। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री जो कहते है उसे करते है। विकसित उचाना का जो वायदा हलके के लोगों से किया है उसको पूरा करने का काम करेंगे। बीते चार सालों से निरंतर पीएचसी मंजूर होने के बाद भी बिल्डिंग नहीं बनने पर इस मांग को लेकर लगातार ग्रामीण शासनए प्रशासन से मिल रहे थे। विधायक के संज्ञान में ये मांग आने के बाद इस मांग को पूरा करने का काम किया। उन्होंने कहा कि पीएचसी की बिल्डिंग बनने के बाद ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलेगा।

## जेईई एडवांस्ड 2026 में आकाश कैथल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**हरि अग्रवाल ने हासिल की ऑल इंडिया 370 वीं रैंक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। अव्वल परीक्षा परिणाम पर खुशी मनाते आकाश इंस्टीटयूट के विद्यार्थी

जेईई एडवांस्ड 2026 के घोषित परिणामों में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड कैथल सेंटर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। सेंटर के कुल 5 विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। छात्र हरि अग्रवाल ने 242 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 370 हासिल की। वहीं प्रथम गर्ग ने 207 अंकों के साथ एआईआर 1099 प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। इसके अलावा प्रिंस ने एआईआर 15878, रितिक ने एआईआर 18596 तथा परमीत सिंह ने भी परीक्षा में सफलता हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया।

कैटेगरी रैंक में रितिक ने जनरल-ईडब्ल्यूएस श्रेणी में 2604वीं तथा परमीत सिंह ने 5904वीं रैंक प्राप्त की। सीनियर असिस्टेंट डायरेक्टर रणजीत सिंह चौहान ने कहा कि जेईई एडवांस्ड 2026 में विद्यार्थियों की शानदार सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। एईएसएल के डिप्टी रीजनल डायरेक्टर विकास फुटेला ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस मौके पर रिजनल सेल्स ग्रोथ हैड अशोक कुमार भारद्वाज, सहायक निदेशक राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

---

## सीएलजी ने बिना कोर्ट जाए सुलझाया प्लाट का विवाद



**जींद।** सीएलजी द्वारा बिना न्यायालय जाए व बिना किसी आर्थिक बोझ के मामलों को आपसी सहमति से निपटाया जा रहा है। इस प्रकार जिला पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सीएलजी द्वारा पूरे पैसे लेकर प्लाट की रजिस्ट्री ना करवाने के मामले का आपसी सहमति से समाधान करवाया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें शिकायतकर्ता नरेंद्र व अन्य ने बताया कि उन्होंने प्लाट रकबा 280 वर्ग गज उत्तर वादी से खरीदा था। जिसकी फुल पेमेंट हमने कर दी है और उत्तरवादी रजिस्ट्री करवाने में आना कानी कर रहा है। दोनों पक्षों को बुलाकर सुना गया। उत्तरवादी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पूरे पैसे नहीं दिए हैं। सीएलजी द्वारा दोनों पक्षों को समझाया गया कानूनी दांवपेंचों से अवगत कराया गया। दोनों पक्षों का समझौता हो गया है। शिकायतकर्ता ने उत्तरवादी के जो भी पैसे बकाया रहते थे वो दे दिए हैं। उत्तरवादी ने भी जल्दी ही रजिस्ट्री करवाने का वायदा किया है। सीएलजी के इस फैसले से दोनो पक्ष संतुष्ट हुए । इस प्रकार परिवाद का निपटारा हुआ। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर पीसी जैन, एससी पाहवा, बीएम पंवार, ईएचसी सावित्री, एसपीओ बबली व गृह रक्षी राजीव उपस्थित रहे।

## यमुनानगर तक मिली बस सेवा



**उचाना ।** कैथल जाने वाली बस का रूट हरियाणा राज्य परिवहन विभाग यमुनानगर तक करने की यात्रियों की मांग पूरी हुई है। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से इस रूट पर आने वाले विभिन्न गांव के यात्रियों द्वारा मांग की थी कि जो उचाना से सुबह बस जाती है वो कैथल तक जाती है। ये बस यमुनानगर तक हो जाए तो कुरूक्षेत्र के साथ-साथ इस रूट पर आने वाले कई गांवों में जाने वालों को फायदा होगा। परिवहन विभाग द्वारा रूट को बढ़ाते हुए यमुनागर तक किया है। अब उचाना से किठाना, छात्तर, कैथल, ढांड, कुरूक्षेत्र, लाडवाख राढ़ौर के रास्ते यमुनानगर बस जाने से यात्रियों की मांग पूरी हुई है।

यात्री सुनील, राजबीर, मनोज, सुखबीर ने कहा कि उचाना से कुरूक्षेत्र के साथ-साथ आगे जाने वाले यात्रियों को कैथल जाने के बाद निर्धारित स्थान पर जाने के लिए उस रूट की बस में जाना पड़ता था। अब सीधे यमुनानगर उचाना से बस कैथल होते हुए जा रही है। जिससे यात्रियों की मांग विधायक देवेंद चतरभुज अत्री द्वारा पूरी करने का काम किया है। यहां से केंद्र में मंत्री, प्रदेश में डिप्टी सीएम तक रह चुके हैं। जो बस स्टैंड उचाना में बनने के बाद भी बसों का आवागजन उसमें शुरू नहीं करवा पाए थे। 20 साल से बस स्टैंड के अंदर बस तक नहीं जा रही थी। विधायक ने इस मांग को भी पूरा करवाते हुए बस स्टैंड के अंदर बसों का आवागमन शुरू करवाया। अब बस स्टैंड के बाहर खड़े होकर बसों का इंतजार नहीं करना पड़ता है। यमुनानगर से वापस आते व्यक्ति भी इस रूट पर आने वाले गांव के यात्रियों को फायदा हो रहा है। यमुनानगर तक बढ़ाया गया है रूट परिवहन विभाई के डीआई जसेमर ने बताया कि कैथल डिपू की बस जिसका नाइट स्टे उचाना बस स्टैंड पर होता है। ये बस पहले कैथल तक जाती थी। करीब एक महीने से अब इसका रूट बढ़ा कर उचाना से कैथल होते हुए यमुनानगर की किया है। यात्रियों को इससे फायदा होगा।

## 35 लाख से बनेगी फिरनी व तालाब की चारदीवारी



**राजौंद।** गांव खेड़ी सिम्बलवाली में पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने 35 लाख रुपये की लागत से बनने वाली फिरनी एवं तालाब की चारदीवारी का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत की। कमलेश ढांडा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि गांव की एक पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। इस कार्य के पूर्ण होने से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी और गांव के विकास को नई गति मिलेगी। इससे पूर्व उन्होंने अपने स्वर्गीय पति एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री नरसिंह ढांडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर, पूर्व सरपंच बलजीत ढांडा, मार्केट कमेटी राजौंद के चेयरमैन वीरेंद्र रापड़िया, माजरा सरपंच मुकेश उपस्थित रहे।

---

### विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

**नरवाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप के तीसरे दिन का आयोजन कला एवं संस्कृति विषय पर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने बताया कि भारतीय भाषा समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाषाई दक्षता, रचनात्मकता तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने गीत एवं कविता पाठ, चित्रकला प्रतियोगिता, कहानी वाचन तथा लोक नृत्य जैसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### एसआईआर को लेकर दिया जाएगा प्रशिक्षण

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर कोई भी मतदाता हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1950 से जानकारी प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा एसआईआर को लेकर नागरिकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा हेल्पडेस्क भी स्थापित करवाया गया है। 15 जून से 14 जुलाई तक चलने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण की जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां मुकम्मल की जा चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. वैशाली शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक को संबोधित कर रही थी।

**विकास** जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल का जताया आभार

## कौल में 12.50 लाख रुपये से स्कूलों व स्वास्थ्य केंद्र का होगा सौंदर्यीकरण

### पेंटिंग एवं जनजागरूकता स्लोगन लिखने के कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल के तत्वावधान में गांव कौल स्थित शहीद प्रेम सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गर्ल्स स्कूल कौल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौल की चारदीवारी पर पेंटिंग एवं जनजागरूकता स्लोगन लिखने के कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों गांवों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

इस अवसर पर पार्षद देवेंद्र पुजारी फतेपुर, सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती, पूर्व सरपंच शेर सिंह, पूर्व सरपंच गुलाब सिंह, ईश्वर बट्टी, रिंकू सागवाल, रिटायर्ड एसआई रणधीर सिंह, मास्टर करम सिंह, मास्टर रणबीर आर्य, सेवा सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



कैथल। जिप चेयरमैन कर्मबीर गांव कौल में सौंदर्यीकरण का शुभारंभ करते हुए।

चेयरमैन कर्मबीर कौल ने बताया कि लगभग 12 लाख 50 हजार रुपये की लागत से किए जाने वाले इस कार्य के अंतर्गत शहीद प्रेम सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं गर्ल्स स्कूल की चारदीवारी को अंदर और बाहर से पेंट कर शिक्षा तथा खेलों से संबंधित प्रेरणादायक स्लोगन लिखे जाएंगे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चारदीवारी को ऊंचा करने, उसकी मरम्मत, पेंटिंग तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता संदेश लिखकर उसका सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन स्लोगनों से बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों को सकारात्मक प्रेरणा मिलेगी तथा समाज में जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि जिला परिषद द्वारा पूर्व में भी गांवों के विकास के लिए लाखों रुपये की ग्रांट प्रदान की जा चुकी है और क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं।

**सभी गांवों में हो रहे समान कार्य**

*इस दौरान पार्षद देवेंद्र पुजारी ने कहा कि जिला परिषद को पहली बार ऐसा चेयरमैन मिला है जो सभी पार्षदों को समान महत्व देते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है। वहीं सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती तथा पूर्व सरपंच गुलाब सिंह ने भी चेयरमैन की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांव में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी क्षेत्र के सभी गांवों में विकास कार्य इसी प्रकार जारी रहेंगे।*